Title: Need to formulate a plan for industrial development of Siddharth Nagar District, Uttar Pradesh.

14.29 hrs

श्री रामपाल सिंह (डुमरियागंज) : अध्यक्ष महोदय, हमारा संसदीय जनपद सिद्धर्थनगर बहुत ही पिछड़ा है क्योंकि यहां पर प्रत्येक वर्ष बाढ़ आती रहती है। नेपाल सीमा से लगे होने के कारण अधिकांश नदियां नेपाल से आती हैं। इस जनपद में कोई उद्योग धंधा नहीं है। इस जनपद में विद्युत की बहुत कमी है। एक १३२ केवी का सब स्टेशन वर्ष १९८९ से निर्माणाधीन है जो कि जनपद डुमरियागंज के पास ग्राम सिरसिया में केन्द्रीय पावर फाइनेंशियल के लोन से बन रहा था, अब तक अधूरा पड़ा है। जिसके परिणामस्वरूप कोई उद्योग धंध नहीं लग रहे हैं। कोई गन्ना मिल भी इस क्षेत्र में नहीं है। यहां के लोगों को रोज़ी-रोटी की तलाश में बाहर जाना पड़ता है। यह जनपद देश के उन सौ जनपदों में से एक है जो गरीबी रेखा के नीचे हैं।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जनपद के उत्थान के लिए कोई एक पैकेज बनाया जाए जिससे यहां औद्योगीकरण हो सके और इस क्षेत्र के लोगों को इसी जिले में रोज़ी-रोटी मिल सके।

SHRI S. BANGARAPPA (SHIMOGA): Mr. Speaker, Sir, I seek your kind permission. ... (Interruptions) What happened to that word which has gone on record now? May we know what you are going to do with that word on the record? ... (Interruptions) It may or may not be a Parliamentary word but please try to understand that that word should not be there on record. It would be better if you remove that. ... (Interruptions)

<